मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड

26-अरेरा हिल्स, किसान भवन, भोपाल

क्रमांक/प्रांगण/तौलकांटा/145/e-1202643/शिवपुरी/328 भोपाल, दिनांक 24/04/2026

"स्थायी निर्देश"

विषयः **सामान्य आंतरिक पत्राचार की प्रतिलिपियां मुख्यालय, भोपाल को पृष्ठांकित नहीं किए जाने विषयक।**

यह तथ्य संज्ञान में आया है कि अधीनस्थ कार्यालयों/मंडी समितियों द्वारा सामान्य प्रकृति के आंतरिक पत्राचार की प्रतिलिपियां अनावश्यक रूप से मुख्यालय, भोपाल को प्रेषित/पृष्ठांकित की जा रही हैं, इसी प्रकार आंचलिक कार्यालयों के माध्यम से वांछित जानकारियां भी मंडी समितियों द्वारा सीधे मुख्यालय को प्रेषित की जा रही हैं। इससे न केवल अनावश्यक पत्र-भार उत्पन्न हो रहा है, वरन् प्रकरणों की आंचलिक स्तर पर समीक्षा के अभाव में निराकरण में विलम्ब की स्थिति के साथ ही मुख्यालय स्तर पर कार्य-निष्पादन में भी व्यवधान उत्पन्न हो रहा है।

अतः कार्यकुशलता एवं प्रशासनिक सुव्यवस्था के उद्देश्य से, निम्नलिखित स्थायी निर्देश तत्काल प्रभाव से जारी किए जाते हैं:

1. सामान्य आंतरिक पत्राचार, जैसे कि दैनिक कार्य-संबंधी पत्र, आंतरिक समन्वय, सूचना आदान-प्रदान आदि की प्रतिलिपियां मुख्यालय, भोपाल को पृष्ठांकित नहीं की जाए।
2. ऐसे पत्र, जो आंचलिक कार्यालयों/तकनीकी संभागों को संबोधित किये गए हैं, की जानकारियां मंडी समितियां सुसंगत आंचलिक कार्यालयों/तकनीकी संभागों को ही प्रेषित करेंगी। संबंधित आंचलिक कार्यालयों/तकनीकी संभागों द्वारा उक्त जानकारी संकलित कर मुख्यालय को प्रेषित किया जाए।
3. मुख्यालय को केवल निम्न प्रकार के प्रकरणों में ही पत्र/प्रतिलिपि प्रेषित की जाए-
   - नीतिगत या महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय।
   - प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति/अनुमोदन से संबंधित विषय।
   - न्यायालयीन प्रकरण ।
   - शासन/मुख्यालय द्वारा विशेष रूप से मांगी गई जानकारी।
   - किसी गंभीर अनियमितता/शिकायत से संबंधित प्रकरण।
4. यदि किसी प्रकरण में मुख्यालय को पत्र/प्रतिलिपि प्रेषित करना आवश्यक हो, तो संबंधित कार्यालय द्वारा उसका स्पष्ट औचित्य आवश्यक रूप से अंकित किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाये कि मुख्यालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुक्रम में विधिवत अभिलेख/विवरण पत्र में उल्लेखित हों।

उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये अन्यथा की स्थिति में संबंधित की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी।

Digitally signed by
Kumar Purushottam
Date: 23-04-2026
15:47:12

(कुमार पुरुषोत्तम)
प्रबंध संचालक सह आयुक्त
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक/प्रांगण/तौलकांटा/145/e-1202643/शिवपुरी/ 329 भोपाल, दिनांक 24/04/2026

प्रतिलिपि- सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही के लिए अग्रेषित।

1. निज सहायक, प्रबंध संचालक सह आयुक्त, म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
2. अपर प्रबंध संचालक, म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
3. संयुक्त संचालक (समस्त), म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
4. अधीक्षण यंत्री, म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
5. संयुक्त संचालक, म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, आंचलिक कार्यालय.............. (समस्त)
6. उप संचालक/सहायक संचालक (समस्त) म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
7. भारसाधक अधिकारी/सचिव, कृषि उपज मंडी समिति........ (समस्त) जिला..... (समस्त)
8. कार्यालयीन आदेश नस्ती/ समस्त शाखा प्रभारी।

Digitally signed by
Piyush Sharma
Date: 23-04-2026
21:58:40

सहायक संचालक
म.प्र.राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल